प्रेस नोट

दिनांक: 17.09.2024

आज दिनांक 17.09.2024 को पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रेखा त्यागी ने बच्चों को पौधे के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जो हमारे जीवन को चलाने में सहायक है। जीवन के हर स्तर पर पौधे हमें कुछ ना कुछ महत्वपूर्ण चीज प्रदान करते हैं हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए तथा उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। प्राचार्या महोदया ने बच्चों को "एक पेड़ मां के नाम" प्रोग्राम के बारे में जागरूक किया और बच्चों को प्रेरित किया कि अपने गांव, शहर, मोहल्ले में समय-समय पर पौधे लगाए और अपने आस-पास के वातावरण को हरा भरा बनाएं। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र नागिया, डॉ रंजीत सिंह, डॉ सुनीता चोपड़ा, डॉ प्रवीण वत्स, डॉ सोमवीर, डॉ सुरेश दुग्गल, डॉ रेखा जांगड़ा, डॉ ऋचा गुप्ता, डॉ प्रियंका पाल, डॉ विकास व ईको क्लब और महिला प्रकोष्ठ के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

(Dr Ranjeet Singh)

रेखा त्यागी
17/09/2024
प्राचार्या
Principal
Pt. Chiranji Lal Sharma
Govt. College, KARNAL